राजस्थान पत्रिका XPOSE SUNCITY PLUS
facebook.com/rajasthanpatrikajodhpur
Jodhpur . Friday
20/01/2017
www.rajasthanpatrika.com .14-15

INFOZONE

चैनल 24 न्यूज देखिए डेन नेटवर्क के सेट टॉप बॉक्स में चैनल 155 पर

6.00 भजन
6.30 धर्म सरिता
7.00 योग अरोग्य
7.30 दशा महादशा
8.00 मार्निंग न्यूज बुलेटिन
8.30 बेस्ट ऑफ बॉलीवुड डायलॉग्स
9.00 न्यूज बुलेटिन
9.30 दशा महादशा
10.00 न्यूज बुलेटिन
10.30 बॉलीवुड टॉप 10
11.00 न्यूज बुलेटिन
11.30 कहानी दिल से
12.00 न्यूज बुलेटिन
12.30 रमता जोगी
13.00 मारवाड़ रो चित्रहार
14.00 न्यूज बुलेटिन
14.30 बॉलीवुड टॉप 10
15.00 न्यूज बुलेटिन
15.30 सिनेमा के सरताज -आशा पारेख
16.00 इवनिंग न्यूज बुलेटिन
16.30 कहानी दिल से
17.00 मेडिटॉक
18.00 न्यूज बुलेटिन
18.30 दशा-महादशा
19.00 न्यूज बुलेटिन
19.30 बेस्ट ऑफ बॉलीवुड डायलॉग्स
20.00 प्राइम न्यूज बुलेटिन
21.00 सितारों की दुनिया
21.30 बॉलीवुड टॉप 10
22.00 न्यूज एट 10
22.30 सिनेमा के सरताज -संजीव कुमार
23.00 लेटनाइट बुलेटिन
23.30 रमता जोगी
24.00 मिडनाइट बुलेटिन

मनोरंजन चैनल देखिए डेन नेटवर्क के सेट टॉप बॉक्स में चैनल 156 पर

CINEMA

जिस्म: 2
नसरानी बाइस्कोप: 12.30, 3.30, 6.30, 9.30

ट्रिपल एक्स दी रिटर्न ऑफ जेंडर गेजमिराज
बाइस्कोप: 10.00, 3.00, 5.30, 10.30
ग्लिट्स : 10.00, 12.30, 3.00, 5.30, 10.15
हिन्दी में3डी, 8.00 पीएम अंग्रेजी में 3डी
कोहिनूर : 12.30, 3.30, 6.30, 9.30
आइनॉक्स: 11.15, 1.45, 4.15, 6.45, 9.15

कॉफी विद डीमिराज
बाइस्कोप: 12.30, 8.00
आनन्द: 12.30, 3.30, 6.30, 9.30
ग्लिट्स : 1.15
आइनॉक्स: 10.05, 10.00

ओके जानूमिराज
बाइस्कोप: 10.15, 4.15, 10.15
ग्लिट्स : 10.00, 12.30, 3.30, 6.15, 9.30
न्यू कोहिनूर अपर: 12.15, 3.15, 6.15, 9.15
आइनॉक्स: 11.55, 4.00, 6.05

दंगल
ग्लिट्स : 10.15, 4.00, 7.10, 10.20
न्यू कोहिनूर लोअर: 12.00, 3.00, 6.00, 9.00
आइनॉक्स: 2.50, 6.50, 9.00
मिराज बाइस्कोप: 1.00, 7.00

मजाज-ए-गम-ए-दिल क्या करुं
आइनॉक्स: 12.40 पीएम

CROSSWORD 4590



बाएं से दाएं

1. लाभदायक (5), 5. विद्यमान, हाजिर, उपस्थित (3), 8. कहना, बोलना (3), 9. पति, प्रेमी (3), 10. प्रातःकाल, सवेरा, सुबह (3), 12. दसवां (3), 14. नाम रहित (3), 15. पंख, डेना (2), 16. अप्रसन्न, खिन्न (3), 17. नेक, अच्छा (2), 18. हाथी, जमीन नापने का एक पैमाना (2), 19. उड़ती खबर (3), 21. हवन (2), 22. आमदनी (2), 23. चिंतन, सोचना (3), 25. खाद्य सामग्री, राशन (3), 27. दशा, स्थिति, दृश्य, संसार (3), 29. अंत तक साथ देने वाला मित्र (2-2), 30. शव-वस्त्र (3)

हल 4589



ऊपर से नीचे

1. कंदील, शमादान (3), 2. पति का छोटा भाई (3), 3. सुस्त, धीमा (2), 4. बिना रुके, लगातार (2-4), 5. ऋतु (3), 6. अंग्रेजी वर्ष का छठा महीना (2), 7. हिम्मतवाला, शक्तिशाली (2-2), 11. मर्मज्ञ, रहस्य जानने वाला (2-2), 13. शांति, मोक्ष, छुटकारा (2), 15. अन्यंत्र चले जाना, भागना (4), 16. अप्रियकर, अरुचिकर (4), 19. डर, खौफ (2), 20. अरविन्द, पंकज (3), 22. आदि पुरुष (3), 24. लवण (3), 26. साथ, संग (2), 27. साधारण, सामान्य (2), 28. चित, अंतःकरण (2)

SUDOKU 4552

	6			1				
4				6	5			
7		8	4			9		5
		6	8	3		1		2
1	7	4				8	3	6
8		2		4	1	5		
2		9			6	3		4
			3	5				1
				7			5	

कैसे खेलें
वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। कोई अंक दुबारा नहीं आए।

हल 4551



राशि आज

मेष *चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ*
दोस्तों से आर्थिक सहयोग मिलेगा। नौकरी में अधिकारियों से आश्वासन मिलेगा। व्यवसाय में स्वयं के निर्णय लाभप्रद रहेंगे। प्रेम प्रसंग में सफल होने से प्रसन्नता रहेगी। नए विचार, योजना पर चर्चा होगी।

वृषभ *ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो*
अपने व्यवहार से अधिकारियों का दिल जीत लेंगे। वाहन खरीदने का मन होगा। धर्म में रुचि बढ़ेगी। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। दूसरों की नकल न करें। कार्यों में विलंब से चिंता होगी।

मिथुन *क, की, कु, घ, ङ, छ, के, को, ह*
अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें। न्याय विभाग से जुड़े लोग मान सम्मान प्राप्त होगा। व्यापार में परेशानियां समाप्त होंगी। विरोधियों का सामना करना पड़ेगा। संतान के कार्यों से सामाजिक प्रतिष्ठा में कमी आ सकती है।

कर्क *हि, हु, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो*
दिन उत्तम है। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परिजनों से सहयोग मिलने से कार्य पूरे होंगे। विदेश जाने के योग है। व्यापार में नई योजनाएं बनेंगी। भूल करने से विरोधी बढ़ेंगे। कार्यक्षेत्र का विकास एवं विस्तार सम्भव है।

सिंह *मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे*
सोचे कार्य समय पर होने से राहत मिलेगी। अधिकारियों से संबंधो में निकटता आएगी। संतान के विवाह की चिंता दूर होगी। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। राजनीति में नए संबंधों के प्रति सतर्क रहें।

कन्या *टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो*
अपनों का साथ मिलेगा। परिवार में मांगलिक आयोजनों में शामिल होंगे। रुका काम समय पर पूरा होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। कार्यस्थल पर सतर्कता से कार्य करें। व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी होंगे।

तुला *रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते*
सतर्क रहें, कार्य स्थल पर लोग आपके खिलाफ साजिश कर रहे हैं। आर्थिक तंगी से तनाव रहेगा। कार्य के विस्तार की योजनाएं फलीभूत होंगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें।

वृश्चिक *तो, ना, नी, नू, या, यी, यू*
धार्मिक पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। परिजनों से शुभ समाचार मिलेंगे। सामाजिक एवं राजकीय ख्याति में वृद्धि होगी। व्यापार अच्छा चलेगा। आवास संबंधी समस्या हल होने वाली है।

धनु *ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे*
आपसी मतभेद के कारण परिवारजनों से दुरिया बनेगी। अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। किसी व्यक्ति से मिलने की उत्सुकता रहेगी। व्यावसायिक चिंता बनी रहेगी। संतान के व्यवहार से कष्ट सम्भव है।

मकर *भो, जा, जी, जू, खा, खू, गा, गी*
कार्यस्थल पर अधिकारी वर्ग आप से खुश रहेगा। सामाजिक विरोधों पर ध्यान न दें। परिवार में आज प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। व्यापार के कार्य से बाहर जाना पड़ सकता है। कार्य की अधिकता रहेगी।

कुम्भ *गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा*
समय पर काम करना सीखें। नए वस्त्रों की प्राप्ति सम्भव है। संतो का सानिध्य मिलेगा। आप के अपने आप की मदद नहीं करेंगे। रुका धन मिलने से काम पूरे होंगे। संतान की प्रगति संभव है।

मीन *दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, चि*
आज व्यापार-व्यवसाय में उन्नति के योग बन रहे हैं। श्रेष्ठ मार्गदर्शन से लाभ की आशा प्रबल होगी। पारिवारिक समस्याओं का निराकरण होकर प्रसन्नता का वातावरण बनेगा।

पं श्यामनारायण व्यास,
पंचांगकर्ता, उज्जैन

लोककथा

चाह

बहुत समय पहले ऑटोमन साम्राज्य का सुल्तान इस्तांबुल के एक महान सूफी शेख के दर्शन के लिए गया। वह शेख के ज्ञान और चरित्र से बहुत प्रभावित हुआ। शेख के समागम में वह नियमित रूप से उपस्थित होने लगा। एक दिन सुल्तान ने शेख से कहा, 'मुझे आपसे और आपके सत्संग से बहुत प्रीति हो गयी है। एक सुल्तान के रूप में मैं आपके लिए कुछ करना चाहता हूं। कृपा करके मुझे बताएं कि मैं आपके लिए क्या करूं, जिससे आपको प्रसन्नता हो।' सुल्तान की यह पेशकश सामने खुले पड़े खजाने के माफिक थी, क्योंकि वह पृथ्वी का सबसे धनी और शक्तिशाली व्यक्ति था। शेख ने कहा, 'जी, एक चीज है जो आप मेरे लिए कर सकते हैं। कृपया यहां दोबारा नहीं आइये।' सुल्तान यह सुनकर स्तब्ध हो गया। उसने शेख से पूछा, 'क्या मुझसे कोई गलती हो गयी है। मुझसे जो कुछ भी जाने-अनजाने हुआ हो, मैं उसके लिए आपसे माफी मांगता हूं।' शेख ने उत्तर दिया, 'नहीं, मुझे आपसे नहीं बल्कि अपने दरवेशों से समस्या है। आपके यहां आने से पहले वे केवल ईश्वर की प्रार्थना और उपासना में ही रत रहते थे। अब आपको यहां अपने इतने करीब पाकर उनके मन में आपको अनुग्रहीत करके आपसे अनुदान और पारितोषिक पाने की इच्छा पनपने लगी है। मैंने आपको यहां और आने से इसलिए मना किया है, क्योंकि मुझे यह लगता है कि हम अभी आत्मिक स्तर पर इतने परिपक्व नहीं हैं कि आपकी उपस्थिति से प्रभावित न हो सकें।'

शुभ विक्रम संवत् : 2073
संवत्सर का नाम : सौम्य
शाके संवत् : 1938
हिजरी सन् : 1438
अयन : उत्तरायण
ऋतु : शिशिर
मास : माघ। पक्ष - कृष्ण।

तिथि : अष्टमी जया संज्ञक तिथि सायं 4.55 तक, तदुपरांत नवमी रिक्ता संज्ञक तिथि रहेगी। अष्टमी तिथि में नृत्य, गीत-संगीत, रत्न, अलंकार, विवाह, वधू-प्रवेश, वास्तु व शस्त्रधारण आदि कार्य शुभ रहते हैं। नवमी रिक्ता तिथि में शुभ व मांगलिक कार्य वर्जित हैं। **नक्षत्र:** स्वाती 'चर व तिर्झ्यमुख' संज्ञक नक्षत्र सम्पूर्ण दिवारात्रि है। स्वाती नक्षत्र में यथाआवश्यक देवालय, विवाहादि मांगलिक कार्य, वस्त्रालंकार, वास्तु, बीजादि रोपण, घरेलू कार्य और शस्त्रादि सम्बंधी कार्य करने योग्य हैं। **योग:** धृति नामक नैसर्गिक शुभ योग दोपहर 12.35 तक, तदन्तर शूल नामक नैसर्गिक अशुभ योग हैं। शूल नामक योग की प्रथम पांच घटी शुभ कार्यों में त्याज्य हैं। **करण:** कौलव नामकरण सायं 4.55 तक, इसके बाद तैतिलादिकरण रहेंगे।

शुभ मुहूर्त : उपर्युक्त शुभाशुभ समय, तिथि, वार, नक्षत्र व योगानुसार आज स्वाती नक्षत्र में विवाह व गृहप्रवेश के अति आवश्यकता में (केतुवेध दोषयुक्त) तथा वधूप्रवेश व हलप्रवहण के शुभ मुहूर्त हैं।

श्रेष्ठ चौघड़िए: आज सूर्योदय से पूर्वाह्न 11.18 तक क्रमशः चर, लाभ व अमृत, दोपहर 12.38 से दोपहर बाद 1.57 तक शुभ तथा सायं 4.35 से सूर्यास्त तक चर के श्रेष्ठ चौघड़िए हैं एवं दोपहर 12.16 से दोपहर 12.59 तक अभिजित नामक श्रेष्ठ मुहूर्त है, जो आवश्यक शुभकार्यारंभ के लिए अत्युत्तम हैं।

ग्रह राशि-नक्षत्र परिवर्तन: दोपहर बाद 1.07 पर मंगल आज मीन राशि में प्रवेश करेगा। **दिशाशूल :** शुक्रवार को पश्चिम दिशा की यात्रा में दिशाशूल रहता है। पर आज तुला राशि के चंद्रमा का वास पश्चिम दिशा की यात्रा में सम्मुख रहने से पश्चिम की यात्रा लाभप्रद ही रहेगी। **चन्द्रमा:** चंद्रमा संपूर्ण दिवारात्रि तुला राशि में रहेगा। **राहुकाल:** प्रातः 10.30 से दोपहर 12.00 तक राहुकाल वेला में शुभकार्यारंभ यथासंभव वर्जित रखना हितकर है।

आज जन्मने वाले बच्चे

आज जन्म लेने वाले बच्चों के नाम (रू,रे,रो,ता) आदि अक्षरों पर रखे जा सकते हैं। इनकी जन्म राशि तुला व जन्म चांदी के पाये हुआ है। सामान्यतः ये जातक धर्मात्मा, दानी, सत्यवादी, पराक्रमी, व्यापार-व्यवसायादि में निपुण, सर्वप्रिय, यशस्वी, सम्पन्न व ऐश्वर्यवान होते हैं। इनका भाग्योदय लगभग 30 से 36 वर्ष की आयु में होता है। तुला राशि वाले जातकों को आज बहुत अच्छा लाभ होगा। सम्पत्ति में वृद्धि के योग हैं। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा।

20 जनवरी, 2017 शुक्रवार
सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति



ज्योतिर्विद् : घनश्यामलाल स्वर्णकार

म्यूजिक, कहानी और आर्ट एंड क्राफ्ट के माध्यम से बच्चों ने सीखा और जाना...

किताबो में मस्ती के मंच पर सजा फनकारी का जमघट

भाषा ही आपकी पहचान, मारवाड़ी को नहीं भूलें, उद्घाटन सत्र में पूर्व सांसद गजसिंह और हेमलता राजे ने मारवाड़ी का महत्व बताया

एक्सपोज रिपोर्टर
xpose.jodhpur@in.patrika.com

जोधपुर. फनकारी, मस्ती मंच, जमघट, पॉपकॉर्निस्तान, कथापुर .... आदि। विभिन्न तरह के ज्ञानवर्धक सत्रों से सजे 'किताबो- द ब्लू सिटी चिल्ड्रन्स फेस्टिवल' का आगाज पूर्व सांसद गजसिंह और हेमलता राजे के मुख्य आतिथ्य में गुरुवार को सुबह 9 बजे विद्याश्रम शिकारगढ़ में हुआ।

भारत को कहानियों का देश कहा जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। किस्से- कहानियां कहने की परंपरा हमारे देश में पुरानी है। वर्तमान दौर में भागती-दौड़ती जिंदगी में किताबो फेस्टिवल हमें अपनी जड़ों की ओर लौटने पर मजबूर कर देता है। विद्याश्रम इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित इस फेस्टिवल में विभिन्न डोम में किस्से, कहानियों, कविताओं और रचनात्मकता के विविध रंग श्रोताओं व दर्शकों को बांधे रखते हैं।

किताबो- द चिल्ड्रन फेस्टिवल के उद्घाटन सत्र के दौरान पुस्तक अनुभूति का विमोचन करते अतिथि।

माता-पिता बच्चों की जरूरत को समझें

उद्घाटन सत्र 'बातां - कहानी सुनाना' में हेमलता राजे ने अपने पुत्र की कहानी सुनाते हुए मारवाड़ी भाषा के महत्व को बताया और कहा कि भाषा ही आपकी पहचान है, इसलिए मारवाड़ी को नहीं भूलें। इसे बोलने में शर्म नहीं, गर्व महसूस करें। उन्होंने माता-पिता को भी सलाह दी कि माता-पिता अपने बच्चों की जरूरत को समझें। पूर्व सांसद गजसिंह ने कहा कि हमारी साहित्य और संस्कृति सभी मारवाड़ी में लिखी गई है, इसलिए अपनी भाषा को ही नहीं समझेंगे तो अपनी संस्कृति को कैसे समझेंगे।

अनुभूति का विमोचन

बसंत एजुकेशन सोसायटी के चेयरमैन विनय जैन ने कहा कि 'किताबो का उद्देश्य हमारी पुरानी संस्कृति को जिंदा करना है। चिल्ड्रन फेस्टिवल के माध्यम से यह एक ऐसा प्रयास है, जिससे शहर की जनता लाभान्वित हो। फेस्टिवल डायरेक्टर इरा सिसोदिया ने आयोजन की महत्ता और परिकल्पना के बारे में बताया। उद्घाटन सत्र के दौरान विद्याश्रम की पुस्तक 'अनुभूति' का विमोचन हुआ। इस दौरान डेजर्ट लीफ फाउंडेशन के संस्थापक और फेस्टिवल ऑर्गेनाइजर विकास बालिया एवं गौरव जैन भी मौजूद थे। उद्घाटन सत्र के बाद विभिन्न सत्रों का आयोजन हुआ, जिसमें अनेक स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया।

35 सत्र हुए आयोजित

चिल्ड्रन फेस्टिवल के प्रथम दिन कुल 35 सत्रों का आयोजन हुआ। इनमें नौ सत्र एक साथ स्कूल के प्रांगण में अलग-अलग जगह आयोजित हुए। स्कूल परिसर में नौ डोम बनाए हुए थे। डोम का नाम क्रमशः मस्ती मंच, जमघट, पॉपकॉर्निस्तान, कथापुर, फनकारी, किस्सा कोना, नवरंग नौटंकी, थिंक टैंक और ब्रेन-ट्रेन थे।

कविताएं-कहानियां सुनी और रचनाकारों से रू-ब-रू हुए

बच्चों के गीत पर गिटार बजाते दीपक केस्टिलिनो। पत्रिका

बच्चों को मारवाड़ी भाषा में कहानी सुनाते नाहर सिंह जसोल।

फनकारी

यह सत्र भी बच्चों के लिए बहुत ही मनोरंजक और सीखने वाला रहा। इस सत्र में इन्दु हरिकुमार ने 'द क्राफ्टी इंडियान जंगल' के माध्यम से बच्चों को घर में रखी बेकार की चीजों से कुछ नया करना सिखाया। इस दौरान बच्चों ने घर की बेकार वस्तुओं के माध्यम से आर्ट बनाना सीखा। इन्होंने ठंडे पेय पदार्थों में उपयोग होने वाले ढक्कन जो बोतल के खुलते ही फेंक दिया जाता है, के माध्यम से एक अनोखी वस्तु बनाई, जिसे देखकर बच्चे खुश और रोमांचित हुए।

जमघट

सुबह 11 बजे के सत्र में गिटारिस्ट दीपक केस्टिलिनो ने मस्ती के साथ म्यूजिक कंपोजिशन सिखाया। इन्होंने बच्चों की प्रार्थनाएं और उनके मन में आ रहे विचारों को म्यूजिक के साथ सुंदरता से पिरोकर बच्चों का मनोरंजन करवाया। इन्होंने फिल्मी गीत 'जब कोई बात बिगड़ जाए, जब कोई मुश्किल हो जाए, तुम देना साथ मेरा.... के म्यूजिक पर भांगड़ा इन पंजाब टू द नाट्यम इन मद्रास फ्रॉम द डांडिया इन गुजरात... को गाया और बताया कि वे किस तरह शब्दों को म्यूजिक में पिरो सकते हैं।

किस्सा कोना

सुबह 11 बजे के इस सत्र में राजस्थानी और मारवाड़ी में अनेक पुस्तकें लिख चुके नाहरसिंह जसोल ने बच्चों को मारवाड़ी भाषा में ही कहानी सुनाई। उन्होंने बच्चों से मारवाड़ी अंदाज में कहा कि आज मैं बात सुनाने आयो हूं, आप में से हुंकारो कुण देई, नहीं तो बात बंद हो जाई। उन्होंने बताया कि पहले बात सुनाने वाले को सुनने वाले हूंकारो के माध्यम से वार्मअप करते थे। इन्होंने बच्चों को राजा भोज के समय चोर की एक कहानी सुनाई और बताया कि पहले जो चोर थे, उनका भी एक चरित्र और मर्यादा होती थी। उन्होंने बताया कि किस तरह राजा भोज के पूछने पर सीधा-सीधा बताता है कि वह एक चोर है और कहां चोरी करने जा रहा है। इस दौरान बच्चों ने मारवाड़ी भाषा में कहानी में खूब आनंद महसूस किया।

म्यूजिक सीखने का माध्यम

इस सत्र में गिटारिस्ट दीपक ने बताया कि वे 1971 से गिटार बजा रहे हैं और पिछले 23-24 साल से सूफियाना करते हैं और जोधपुर रिफ में भी पिछले चार साल से आ रहे हैं। दीपक ने कहा कि म्यूजिक सिर्फ गाने-बजाने तक सीमित नहीं है, यह संदेश देने का भी एक माध्यम है। यदि कोई स्टोरी पढ़ने में बोरियत महसूस हो रही है, तो उसे गाने में कन्वर्ट कर दें। म्यूजिक के माध्यम से यह बात जल्दी आप सीख सकते हैं, इसलिए म्यूजिक सीखने का भी एक माध्यम है। उन्होंने बताया कि वे 18 साल से स्कूल में हैं और बच्चों को कहानियों के माध्यम से एक संदेश दे रहे हैं कि वे अच्छे इंसान बने। दीपक ने बताया कि म्यूजिक से जो भी संदेश आप देना चाहते हैं, उसे बच्चे लंबे समय तक याद रखेंगे, क्योंकि म्यूजिक के माध्यम से बच्चे बहुत जल्दी सीखते हैं।

पॉपकॉर्निस्तान

यह सत्र भी सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित हुआ। इसमें बच्चों को नेशनल अवार्डेड फिल्म दिखाई गई। इस फिल्म की डायरेक्टर बतुल मुख्तियार खुद यहां मौजूद थी। यह फिल्म बच्चों पर आधारित थी। इस दौरान बच्चों ने शांति से इस फिल्म को देखा और इसमें दिए जाने वाले मैसेज को सीखा। इस फिल्म के बाद अगले सत्र में भी फिल्में प्रदर्शित की गईं।

कथापुर

इस डॉम में सुबह के समय 'सीखें, लिखें, सुनाएं : चलो एक पहेली बनाएं सत्र का आयोजन हुआ। इसमें नवीन पंगति ने बच्चों को पहले पेपर दिए और कहा कि वे अपने दिमाग में जो भी कुछ सोच रहे हैं, इस पेपर पर लिखें। चाहे वे कविता लिखें, पहली लिखें या फिर कहानी। इस दौरान बच्चों ने एक ग्रुप बनाकर अलग-अलग लिखे पेपर के माध्यम से एक पहेली बनाई।

बच्चों में बढ़ाएं विचारों की व्यापकता : प्रगति

किताबो के थिंक टैंक पंडाल में झूलता हुआ गोल पोस्ट विषयक इंटरेक्टिव स्टोरी टेलिंग का आयोजन दुबई की संस्था टेलक्राफ्ट की ओर से किया गया। संस्था के साथ कार्य कर रही प्रगति बच्चों के सोच-विचारों की व्यापकता को बढ़ावा देने की पक्षधर हैं। किताबों के साथ बच्चों की बढ़ती दूरियों को कम करने के लिए उन्होंने अपने सहयोगियों के साथ यह कंपनी बना कर पढ़ाई को रुचिपूर्ण बनाने की ठानी। बच्चों को किताबें पढ़ा देना आसान नहीं रहा है। इसके लिए टेलक्राफ्ट नए तरीके निकाल कर कार्य कर रहा है। इन सेशन में हम बच्चों को कहानी सुनाने के साथ उन्हें क्राफ्ट के कार्य भी करवाते हैं। यदि हमारे विचार रचनात्मक हो जाएंगे तो हमारे कार्य व जीवन भी सकारात्मक हो जाएगा।

बच्चों को वर्तमान दौर की भाषा से जोड़ें : आशीष

फेस्ट में प्रदर्शित किशोरवय टीवी सीरीज आधेफुल के लेखक आशीष और निर्माता देविका बहल।

आधेफुल टीवी सीरीज का प्रदर्शन पॉपकोर्निस्तान डोम में हुआ। इसकी निर्माता देविका बहल ने बताया कि बताया कि बीबीसी मीडिया एक्शन व यूनिसेफ की साझेदारी से इसका प्रदर्शन दूरदर्शन पर किया जा रहा है। इसके लेखक मूलतः जोधपुर के आशीष की पुस्तक कुल्फी एंड कैपेचीनो बेस्ट सेलर रह चुकी है। साहित्य व बच्चों के जुड़ाव के संबंध में उनका मानना है कि साहित्य ही बच्चों को जड़ों से जोड़े रख सकता है। बदलते दौर में भाषा में आ रहे परिवर्तन में ही संवाद करने और लिखने पर वे जोर देते हैं। किशोरवय बच्चों के संबंध में लिखी गई आधेफुल कहानी के बारे में उन्होंने बताया कि इस उम्र के बच्चों में कंफ्यूजन अधिक होता है। इसलिए इस उम्र के बच्चों के साथ अभिभावकों व शिक्षकों का संवाद अधिक होना चाहिए।

भारतीय पुरा साहित्य को जानें बच्चे : रूपा पाई

इस फेस्टिवल में द गीता फॉर चिल्ड्रन रियली? विषयक संवाद में बेंगलूरू की अंग्रेजी लेखिका रूपा पाई ने भारतीय पुरा साहित्य को बच्चों के लिए जरूरी माना है। उन्होंने बताया कि औरों की तरह मैं भी यही मानती थी कि गीता केवल बड़े-बुजुर्गों आदि तक सीमित है। लेकिन मेरी संपादक ने मुझे बच्चों के लिए इसे लिखने को कहा तो मैं समझ नहीं पाई कि शुरुआत कैसे की जाए। छह माह गीता को पढ़ा, फिर लगा इस कार्य को करना चाहिए। 5 महीने के प्रयास के बाद इसकी रचना पूर्ण हुई। इससे पूर्व में साइंस फिक्शन सीरीज निकाल चुकी हूं। उनका मानना है कि अभिभावक भारतीय मूल्यों को अपने बच्चों को बताएं और उनसे जुड़ाव बढ़ाएं। उनका कहना है कि बच्चों के लिए लेखन कार्य में बढ़ोत्तरी हुई है।

कहानी कहने से सुदृढ़ होती है कल्पना : निक्की

मणिपुर की संस्था ऑक्टेव फाउंडेशन की ओर से जमघट डोम में मॉन्क कैट टॉकिंग लैम्स विषयक कहानी सुनाने का कार्यक्रम हुआ। फाउंडेशन की संस्थापक निक्की चंदम और स्टोरी टेलर अनुजा जयमन का कहना है कि व्यापकताओं से परिपूर्ण भारत देश के हर कोने-कोने में कहानियां रची बसी हैं। एक प्रांत की कहानी दूसरे से भले ही समानता रखती हो लेकिन उसके ताने-बाने की रोचकता भिन्न होगी। बदलते परिवेश में बच्चों के संदर्भ में उनका कहना है कि पहले की तरह बच्चे अब शर्मीले नहीं रहे। लुप्त हो रही दादी-नानी की कहानियों के संरक्षण पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने बताया कि अभिभावक अपने बच्चों को नियमित तौर पर कहानियां सुनाएं। कहानी सुनाने में नाटकीय पुट होने से वह हमेशा के लिए स्मृति में रहती है।

अक्का-बक्का टीम से कहानी सुनते बच्चे।

नवरंग नौटंकी

इस डोम में सुबह के सत्र में अक्का-बक्का टीम ने बच्चों को कहानी सुनाकर आर्ट एंड क्राफ्ट करवाई। अक्का-बक्का टीम की सुविधा मिस्त्री, चंदना दत्ता, वंदना विष्ट ने बताया कि अक्का-बक्का टीम उनके ग्रुप का नाम है। वे तीनों बच्चों को कहानियां सुनाती हैं और इस कहानी पर आधारित आर्ट बच्चों से करवाती है। यहां भी अक्का-बक्का टीम ने बच्चों को जंगल की एक कहानी सुनाकर बच्चों से उसी तरह की आर्ट करवाई और उसमें रंग भरवाए। सत्र में कहानी सुनाने के दौरान सबसे ज्यादा सवाल करने वाले बच्चों को अक्का-बक्का टीम ने स्कूल की तरफ से उपहार प्रदान किए।

बच्चों को कहानी सुनाती अक्का-बक्का टीम।

सरस प्रदेश की पहली कैशलेस डेयरी

जोधपुर. जोधपुर सरस डेयरी प्रदेश की पहली ऐसी डेयरी है, जहां पर अब कैशलेस व्यवस्था शुरू हो गई है। सभी प्रकार के उत्पादों की राशि का भुगतान पीओएस मशीन से हो सकेगा। डेयरी के प्रबंध संचालक वाईके व्यास ने बताया कि सरस डेयरी की कार्यप्रणाली को कैशलेस करने और डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देने के लिए गुरुवार को डेयरी और ऐक्सिस बैंक के अधिकारियों की बैठक हुई। इस अवसर पर बैंक की पीओएस मशीन का उद्घाटन किया गया। व्यास ने बताया कि डेयरी के सभी पार्लरों को जल्दी ही कैशलेस कर दिया जाएगा। इस मौके बैंक की ओर से रिजलन आरएम गिरीश परिहार व शाखा प्रबंधक गरिमा मोबर मौजूद थे।

जोधपुर सरस डेयरी में कैशलेस व्यवस्था के तहत पॉश मशीन का शुभारंभ करते प्रबंध संचालक वाईके व्यास।

शिविर में 22 ने किया रक्तदान

जोधपुर. महर्षि दधीचि महिला महाविद्यालय और आदर्श क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में कॉलेज परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्रवक्ता आशुतोष दाधीच ने बताया कि सोसायटी के 19वें स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर हुआ। शिविर का शुभारंभ सोसायटी के जोनल हेड गंगासिंह जसोल, महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. ज्योति गोस्वामी, अकादमिक निदेशक डॉ. शुभा दाधीच ने किया। छात्राओं को प्रेरित करने और रक्तदान के सम्बन्ध में भ्रान्तियों को दूर करने के लिए आरएन मेमोरियल महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अमिता स्वामी ने सर्वप्रथम रक्तदान किया। इसके बाद महाविद्यालय की 22 छात्राओं ने रक्तदान किया। छात्राओं के साथ-साथ शिक्षक सुनीता घेनवाल, डॉ. प्रवेश कुमार, शंकरलाल मेवाड़ा और आशुतोष दाधीच ने भी रक्तदान किया। संचालन सोसायटी के जुगल छंगाणी तथा रमेश परिहार ने किया। रक्त संग्रह में उम्मेद अस्पताल के ब्लड बैंक की डॉ. आकांक्षा परिहार और नवीन कुमार ने सहयोग किया।

वार्षिकोत्सव में पुरस्कृत हुए बच्चे

जोधपुर. आर्मी पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव गुरुवार को उत्साह से मनाया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मेजर जनरल पीएस बहल ने दीप प्रज्वलित कर किया। स्कूल चेयरमैन बिग्रेडियर विनय हांडा ने स्कूल की शैक्षणिक गतिविधियों व उपलब्धियों के बारे में बताया। प्राचार्या डॉ. तबस्सुम खान ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि मेजर जनरल बहल ने विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम की प्रस्तुति दृष्टि थीम पर आधारित थी। आर्मी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम के अंतर्गत नेत्रों की रोशनी के बिना यह जीवन रंगहीन है, विभिन्न रंगों का जीवन में अलग-अलग महत्व प्रस्तुत करते हुए नेत्रदान का संदेश दिया। स्कूल उप प्राचार्य गजेन्द्रसिंह चौहान ने आभार जताया।

आर्मी पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में प्रस्तुति देते बच्चे।

CITYZONE

पुरस्कृत हुए विजेता विद्यार्थी

जोधपुर. कायलाना रोड स्थित संबोधि धाम में विश्वशांति माइंड एकेडमी के तत्वावधान में माइंड एकेडमी का वार्षिक समारोह संपन्न हुआ। एकेडमी के निदेशक राकेश गर्ग ने बताया कि इस अवसर पर वर्षभर में जिन बच्चों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया उनको सम्मानित किया गया। पहले चरण में आंख पर पट्टी बांध कर पुस्तक पढ़ने, अंक पहचानने, कलर पहचानने में तीसरी से पांचवीं तक के क्रिश रांकावत, चंचल देवड़ा, लक्षिता गुर्जर व युवराज लखानी ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। दूसरे चरण में 5वीं से 8वीं तक के बच्चों में परी गहलोत प्रथम, हितेन राठी द्वितीय व कृतिका बैरवा तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा 9वीं से 11वीं तक में प्रतिष्ठा बैरवा प्रथम, तेजस अग्रवाल द्वितीय व श्रुति आसोपा तृतीय स्थान पर रही। आंख पर पट्टी बांध कर चेस खेलने में जय रांकावत, ड्राइंग में परी गहलोत व लूडो में क्रिश रांकावत विजेता रहे।

राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता संवाद कार्यक्रम

जोधपुर. राजकीय महात्मा गांधी उमावि में राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रभारी व्याख्याता भागीरथ चौधरी ने स्कूल छात्रों से सीधे संवाद प्रश्नोत्तरी के माध्यम से किया। स्कूल प्रधानाचार्य बीआर प्रजापत ने इवीएम मशीन व 18 वर्ष उम्र के छात्रों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के साथ राष्ट्रीय कार्यक्रम को छात्रों से अपने मोहल्ले व घरों में प्रचार करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शाला व्याख्याता विशाल शर्मा, घनश्यामलाल चौहान व लादूराम सियाग सहित सभी ने भाग लिया।

प्यारे बच्चो,
अगर जिंदगी में रंग नहीं, कला नहीं, तो कुछ भी नहीं। रंग कई तरह के होते हैं, तो कलाएं भी। आप अपने द्वारा बनाए गए चित्र, पेंसिल स्केच, कार्टून, कैरीकेचर हमें भेज सकते हैं। इसके अलावा अपने द्वारा निर्मित कलात्मक-साइंटिफिक क्रिएशन, मूर्ति या कोई अन्य शिल्प आकृति की फोटो खींचकर मौलिकता के प्रमाण पत्र के साथ राजस्थान पत्रिका को भेजें। बेस्ट क्रिएशन प्रकाशित किए जाएंगे।
पात्रता : 'किड्स प्लस' कॉलम के लिए तीसरी से नौवीं कक्षा तक के स्टूडेंट्स अपने क्रिएशन भेज सकते हैं।
पुरस्कार : हर महीने सर्वश्रेष्ठ क्रिएटिव बच्चे को पुरस्कृत किया जाएगा।



चित्र : **मानसी सिंघल** कक्षा : सातवीं स्कूल : सांगरिया आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय

इन बच्चों के क्रिएशन सराहनीय रहे : संस्कृति दाधीच, कक्षा 4, केंद्रीय विद्यालय नंबर-एक आर्मी। **छवि जोशी,** कक्षा 4, जैक एंड जिल। **ध्रुव कुमार सिंह,** कक्षा 4, सेंट ऑस्टिन स्कूल।

किड्स प्लस के लिए प्रविष्टि

नाम ....
उम्र.................................कक्षा.......................................
क्रिएशन : स्केच, ड्राइंग, पेन्टिंग, मूर्ति शिल्प आदि) :.......................
स्कूल..
माता-पिता का नाम :..
घर का संक्षिप्त पता :..
मोबाइल नंबर :...

हमारा पता है

किड्स प्लस, राजस्थान पत्रिका, मानजी का हत्था, पावटा, जोधपुर
और
किड्स प्लस, राजस्थान पत्रिका कार्यालय, जोधपुर डिस्ट्रिक्ट शॉपिंग सेंटर,
पाली रोड, कृषि उपज मंडी के सामने, बासनी, जोधपुर

मगरा-पूंजला में सेहत की सड़क पर होगी नई सुबह

हम हैं शहर के हमराह

एक्सपोज रिपोर्टर
xpose.jodhpur@in.patrika.com

जोधपुर. इस रविवार मगरा पूंजला क्षेत्र में मॉर्निंग वॉक की मौजां होगी। क्षेत्र में गोकुलजी की प्याऊ से लेकर विलियम्स एकेडमी स्कूल तक बनाई गई करीब एक किलोमीटर लंबी थीम रोड पर सैकड़ों लोग मस्ती व रोमांच के मेले में शामिल होंगे। सेहत की इस सड़क पर सर्द सुबह में पेड़ों के झुरमुट से छनकर आती धूप और हवा की ताजगी के साथ आप व हमारी मस्ती रविवार की छुट्टी को रोमांच से भर देगी। पूरी थीम रोड पर न तो वाहनों का शोर होगा और ना ही प्रदूषण।

सबके लिए फ्री एंट्री

फिटनेस के इस सफर में कोई भी शामिल हो सकता है। यहां आने के लिए न कोई रजिस्ट्रेशन है और ना ही किसी भी तरह की फोर्मेलिटी। बस जरूरत है एक जज्बे की। थीम रोड पर वॉकिंग, जॉगिंग, योगा, म्यूजिकल चेयर, एयरोबिक्स, रस्साकसी, बैडमिंटन, वॉलीबाल, रंगोली, पेंटिंग, गायन, डांस और बच्चों के लिए मिकी माउस, बाउंसी व स्लाइड होगी। बड़ों के लिए स्वास्थ्य शिविर होंगे, जहां कई जांचें फ्री होंगी। अधिक जानकारी के लिए 96727 27862 पर संपर्क कर सकते हैं।

'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान का आगाज

एक्सपोज रिपोर्टर
xpose.jodhpur@in.patrika.com

जोधपुर. राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जोधपुर महानगर की ओर से 24 जनवरी को आयोजित होने वाले बालिका दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को सर्किट हाउस रोड स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रातानाडा में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान का आगाज किया गया। इसमें बालिकाओं को उनके अधिकारों के बारे में बताया गया। साथ ही राजस्थान एडवेन्चर स्पोर्ट्स कल्चर एण्ड वेलफेयर सोसायटी के सचिव अजीत सिंह, राधा विश्नोई तथा सारिका नागर ने बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। इसी के साथ नानचाकू, बगली, अमरबेल तथा लाठी से स्वयं की किस प्रकार सुरक्षा की जाए, इन सभी क्रियाओं का डेमो करके बताया।

सहन नहीं, खुलकर सामना करें

विद्यालय में छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारी गजेंद्र कुमार ने कहा कि खुद पर हो रही किसी भी प्रकार की क्रिया-प्रतिक्रिया को सहन नहीं करें, बल्कि उसका खुलकर सामना करें। अगर कोई भी व्यक्ति आपको छेड़ता या परेशान करता है, तो उसे तुरंत सबक सिखाएं। प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारी आशा गुणपाल ने कहा कि अपने परिधान पर विशेष ध्यान दें, लड़कियों के साथ ज्यादातर घटनाएं उनके परिधान की वजह से होती हैं। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य शशि सैनी ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश अतुल कुमार चटर्जी ने बताया कि बालिका दिवस के मौके पर पूरे सप्ताह विभिन्न बालिका विद्यालयों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

स्कूलों में होंगी निबंध व पोस्टर प्रतियोगिताएं

जोधपुर. राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार बालिका दिवस 24 जनवरी के अवसर पर प्रत्येक विद्यालय में प्रार्थना स्थल पर बेटी भार नहीं, है आधार। जीवन पर है उसका अधिकार विषय कविता का सभी संस्था प्रधान अनिवार्य रूप से वाचन करवाएंगे। इस दिवस पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं को कन्या भ्रूण हत्या, यौन उत्पीड़न संबंधित जानकारी व उन्हें आत्मरक्षा के तरीकों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही विद्यालयों में निबंध व पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। एडीईओ माध्यमिक प्रथम अशोक विश्नोई ने बताया कि जोधपुर शहर के विद्यालयों में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए बालिका दिवस से पूर्व प्रत्येक विद्यालय में कन्या भ्रूण हत्या एक अभिशाप विषय पर निबंध एवं बेटी है तो कल है पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन 21 जनवरी तक करवाना होगा। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले छात्र-छात्राओं से संबंधित नामों की सूचना संबंधित निबंध व पोस्टर के साथ जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आवश्यक रूप से भिजवाने होगी। इसके बाद राजस्थान उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति की ओर से 29 जनवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश गोपालकृष्ण व्यास के कर कमलों से उन्हें सम्मानित व प्रोत्साहित किया जाएगा।

'आर्ट ऑफ लिविंग' का
आयुर्वेदिक नाड़ी चिकित्सा शिविर
दिनांक 20 जनवरी 2017 शुक्रवार
स्थान: 10-ए, रायपुर हत्था, खेजड़ला हाउस के पास, पावटा 'बी' रोड, जोधपुर
सम्पर्क: श्याम सुन्दर गर्ग 9314710737